वेदन से, जो 6 दिसम्बर, 1967 को सभा में पेश किया गया था सहमत है।"

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That this House agrees with the Sixteenth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 6th December, 1967."

The motion was adopted.

15·33½ hrs.

RESOLUTION *Re*: CROSSING OF FLOOR BY LEGISLATORS—*contd.*

MR. DEPUTY -SPEAKER : The House will now take up further discussion of the following resolution moved by Shri P. Venkatasubbaiah on the 11th August, 1967 namely :—

"This House is of opinion that a high-level Committee consisting of representatives of political parties and constitutional experts be set up immediately by Government to consider the problem of legislators changing their allegiance from one party to another and their frequent crossing of the floor in all its aspects and recommends to the Government the evolving of a special machinery and the taking of effective measures by suitable legislation to arrest this growing phenomenon which is assuming alarming proportions so that the country can function on sound and healthy lines of parliamentary democracy."

The time allotted for this resolution was 2 hours.

We have already exhausted 2 hours and 56 minutes on this.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : We wanted more time for this.

MR. DEPUTY-SPEAKER : We shall have to decide and set some time-limit to this discussion.

SHRI S. M. BANERJEE : We shall have 1 hour more.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shall we have 1 hour more ?

SHRI P. VANKATASUBBAIAH : (Nandyal) : We shall have 1 hour, so that by 5 p.m. we shall be able to finish this.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Is it agreed then that we shall have 1 hour more for this ?

HON. MEMBERS : Yes.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now, Shri S. M. Banerjee may resume his speech. But let him be very brief.

SHRI S. M. BANERJEE : I had just started.

MR. DEPUTY-SPEAKER : He has taken 2 minutes already. He can have three more minutes now.

श्री स० मो० बनर्जी : उपाध्यक्ष महोदय, मैं पिछली मर्तबा कह रहा था कि माननीय सदस्य श्री वेंकटासुब्बया यह जो प्रस्ताव सदन में लाये हैं उस के लिए मैं उन को बधाई देता हूं और मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो संशोधन मेरे परम मित्र श्री मधु लिमये और मैंने दोनों न मिल कर प्रस्तुत किए हैं वह संशोधन और मान लिया जाय तो कोई कानूनी अड़चन या संवैधानिक अड़चन उस के सामने प्रस्तुत नहीं होगी। यह दल-बदल या फलोर-क्रासिंग की बात उपाध्यक्ष महोदय, आई कैसे ? आज आप देख रहे हैं कि सारे देश के सामने एक यह मसला बन कर खड़ा हो गया है। आखिर एक पार्टी को छोड़ कर दूसरी पार्टी में जो जा रहा है चाहे वह असेम्बली का मेम्बर हो चाहे पार्लियामेन्ट का मेम्बर हो उस के ऐसा करने से देश में जो प्रजातांत्रिक उसूलों के आधार पर पार्लियामेंट्री सिस्टम है, गवर्नमेंट जो हमारे देश में है उस में काफी झटका ला रहा है। अभी कल या परसों सवालों के दौरान में जब मणिपुर की बात हो रही थी तो हमारे चव्हाण साहब ने कहा कि वह इस चीज से सहमत नहीं हैं ऐसा हो। लेकिन उन के कहने के बावजूद भी आज भी और आप देखें चाहे वह हरयाना हो या पंजाब, या बंगाल उस में वह चीजें चल रही हैं। खास कर उपाध्यक्ष महोदय, आप आज देखें बंगाल में क्या हो रहा है ? दल-बदल की मनोभावना को आखिर आप कैसे बदल सकते हैं ?

[श्री स० मो० बनर्जी]

15-37 hrs.

[SHRI C. K. BHATTACHARYA *in the chair.*]

सभापति महोदय, वहां जो मुख्य मंत्री हैं उन के साथ केवल 17 व्यक्ति हैं। आप सोच सकते हैं कि बंगाल जैसी एक असेम्बली जिस में कि 200 से ज्यादा सदस्य हैं उस में एक व्यक्ति जिस के साथ में केवल 17 मेम्बर हों वह आ कर मुख्य मन्त्री बन जाय तो सरकार कैसे चलेगी? और यही बात जब कि भूत-पूर्व मुख्य मन्त्री श्री अजय मुखर्जी और हमारे बिहार के मुख्यमंत्री श्री महामाया प्रसाद सिन्हा समझानें की कोशिश कर रहे थे सदस्यों को कि आखिर वह जनतंत्र की अवहेलना न करें और अपने दल में वापस आ जायें तो उसी वक्त यह सोचा गया कि राज्यपाल हस्तक्षेप करें और एक चुनी हुई सरकार को खत्म कर दें। तो मेरा कहना केवल इतना है कि आज यह मसला केवल किसी पार्टी का नहीं है। मुख्य सचेतकों की कान्फ्रेंस जो हुई थी शिमला में जहां पर इस सवाल को काफी जोर से उठाया गया था उस में मैंने, मेरे साथी कंवर लाल जी ने, श्री पटेल जी ने और जितने भी सचेतक की हैसियत से गाए थे, सब ने नम्र निवेदन किया था और आज मैं दोबारा नम्र निवेदन करना चाहता हूं कि हमारी प्रधान मन्त्री साहिबा या गृह-मन्त्री जी ऐसे कान्फ्रेंस का आयोजन करें कि जिस में तमाम राजनीतिक दलों के लोग हाजिर हों और उसमें हम कोई आचार-संहिता, कोड आफ कान्डक्ट निर्धारित करें वरना यह चलने वाला नहीं है। आज मजाक के लिए भले ही कोई आया राम बीस हजार, गया राम 40 हजार लेकिन उससे चलनें वाला नहीं है क्योंकि आज सारे देश के सामने यह सवाल है कि आखिर इस बीमारी को जो कि एक नासूर की शक्ल ले चुका है कौन रोक सकता है? यह वही दल रोक सकता है जिस के हाथ में केन्द्र की सत्ता है, जो सब से पुरानी पार्टी है और वह अगर इन आदर्शों के आधार पर चले तो मैं यह निवेदन करूंगा—आप से और मेरा पूरा विश्वास है कि यह चीजें रुक सकती हैं। . . . (**व्यवधान**)

तो मैं कह रहा था कि यह जो सवाल आज सारे देश के सामने है, चाहे उत्तर प्रदेश की सरकार के सामने हो, चाहे बिहार की सरकार के सामने हो, मैं शासक दल या कांग्रेस दल से यह निवेदन करना चाहता हूं कि अब बंगाल में यूनाईटेड फ्रंट की सरकार नहीं है, चाहे गलत हो या सही हो, लोग मानें या न मानें, बी० पी० घोष वहां पर मुख्य मन्त्री हैं, चाहे कुछ दिनों के लिए हों, अपने दिल पर हाथ रख कर कहें कि क्या वाकई जिसके साथ 17 आदमी हों उनका समर्थन कर के इस देश की पुरानी प्रणाली या परम्परा के ऊपर उन्होंनें कुठाराघात किया है या नहीं किया है। यह बात अपने दिल पर हाथ रख कर कहें कि बी०पी० मंडल जैसे व्यक्तियों को जो उन्होंनें बिहार में समर्थन करनें का वायदा किया है, जिसके फलस्वरूप वहां पर भी वही परिस्थिति उत्पन्न होने वाली है, जो बंगाल में हुई है—क्या यह उचित है। वहां पर नये गवर्नर साहब गये हैं, उन के बारे में मैं कुछ नहीं कहना चाहता, उन को कोई माननें के लिये वहां पर तैयार नहीं है, लेकिन वह जरूर गवर्नर हैं—बेमुल्की राजा-नवाब मुझे कोई ऐतराज नहीं है, वह जायें, गवर्नर हाउस में रहें, लेकिन वहां पर कोशिश हो रही है कि श्री अनन्तशयनम् आंयगर ने जो फैसला दिया था, जो उन्होंनें माना था कि जनवरी में वहां की असेम्बली बुलाई जायगी, उस असेम्बली को जल्दी बुलानें की कोशिश हो रही है, वही हथियार जिससे बंगाल की 9 महीनें की मिनिस्ट्री की हत्या की गई, उसी हथियार को बिहार में भी इस्तेमाल करने की कोशिश हो रही है। मैं गृह-मन्त्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या वाकई कांग्रेस की मदद बी० पी० मंडल को मिलेगी, जैसी पी० सी० घोष को मिली है, क्या वाकई वह सरकार चला सकेंगे? यदि हम दो मिनट के लिये भूल जायें कि हम किसी पार्टी या दल में हैं तो क्या दल बदलते हुए प्रजातान्त्रिक

उसूलों के आधार पर जो सरकारें चला रहे हैं, दल बदलते बदलते कहीं हम दल-दल में तो नहीं घुसते जा रहे हैं। इसलिये मैं उन से पूछना चाहता हूं कि अगर वह इस प्रस्ताव को मान लें, संशोधन के साथ, तो क्या देश की उन्नति होगी। या नहीं होगी।

आज यह सवाल नहीं है कि कौन किस दल में है, लेकिन जो हो रहा है इसकी जिम्मेदारी कांग्रेस पर होगी और मैं दोबारा कहता हूं कि जिस दिन उन्होंनें मेरे परम मित्र श्री अशोक मेहता को छाती से लगा लिया था, उसी दिन उन्होंने बीज बोया था इस चीज का और उन को मालूम होना चाहिये था कि देश में यह होने वाला है। जब उन के दल के पास लोग चले जा रहे थे, तब तक तो वह मौरल था, आज अचानक यह चीज— इम्मोरल हो गई क्योंकि अब उन के पास से लोग चले जा रहे थे। इसलिये, सभापति महोदय, मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं, लेकिन अमेन्डेड फौर्म में, यदि हमारे अमेण्डमेंट को वह मान लें, तब मैं इसका समर्थन करता हूं और उन से निवेदन करूंगा कि वे अब ऐसे आदमियों को न लें।

एक चीज और कह कर मैं खामोश हो जाऊंगा—मुझे मालूम हुआ है कि हमारे इसी सदन के एक सदस्य, जिन्होंनें काफी हद तक कोशिश की थी कि वेस्ट बंगाल की गवर्नमेंट, हमारी यू० एफ० गवर्नमेंट न रहे, —प्रो० हुमायू कबीर, उन को फिर से सरकार में लेने की बात चल रही है, उन को शायद फिर से कैबिनेंट रैंक दिया जा रहा है····

एक माननीय सदस्य : कौन सी कैबिनेट में ?

श्री स० मो० बनर्जी : केन्द्रीय सरकार में, केन्द्रीय मंत्रीमंडल में उनको इन्कलूड कर लिया जाय। लेकिन अब सुना है कि चूंकि उन्होंने मंत्री मंडल में लिये जाने लायक काम नहीं किया है, वह तो गवर्नर ने किया है, लेकिन फिर भी उन्होंने चूंकि इतना बड़ा काम किया है कि यू० एफ० मिनिस्ट्री खत्म कर दी है, इसलिये अब उन को अलीगढ़ विश्वविद्यालय का वाइस चांसलर बनाया जा रहा है—इस तरह से आप उन का डिफेक्शन करायेंगे, तो कराइये, सारा देश मानें, चाहे वाइस चांसलर हो या कैबिनेट मिनिस्टर हों, लेकिन बंगाल की जनता यह कहेगी कि बंगाल में मीर जाफ़र के बाद अगर कोई पैदा हुआ है तो प्रो० कबीर है, और वह इस को हमेशा कहेगी।

SHRI BAKAR ALI MIRZA (Secunderabad) : Mr. Chairman, Sir, I rise to oppose this motion. There are two kinds of defection.

One, which was mentioned by Mr. Banerjee —

SHRI S. M. BANERJEE : One is defection; the other is infection.

MR. CHAIRMAN : Let there be no disaffection.

SHRI BAKAR ALI MIRZA :—where some offer is made—of Ministership or any other office,—and the person leaves his party and crosses over. Another is, an offer is made and he crosses back again. This is a pure and simple case of corruption. But there are other features of defection which are much more important, and in the present atmosphere of uncertainty, instability, in certain States, we should not lose sight of that. That is my plea. That is, if there is some measure proposed by Government about which I differ very strongly, I must have the right to say that I resign from this party and stay out as an independent or. join any other party. For example, take devaluation. Nowhere was it there, in any manifesto of any party. The measure is brought before the House, and I feel strongly that is going to harm the country; then I must have the right to leave the party and stay out. There have been a number of defections like that.

The name of Churchill was mentioned. Why go so far ? Take Acharya Kripalani. Is that a case of defection ? He left the Congress party and joined the PSP; he then left the PSP and came back; he became an independent. The only party from which he did not disaffect is Sucheta party!

SHRI M. L. SONDHI (New Delhi) : It is not fair. Mahatma Gandhi wanted, the Congress to be dissolved; do not forget that. They have been untrue to Mahatma Gandhi.

SHRI BAKAR ALI MIRZA : It is much more true in respect of the Jan Sangh party than the Congress party. They are going against the very principles, the very foundations that were laid by Mahatma Gandhi. Let us not bring Mahatma Gandhi into this.

SHRI S. M. BANERJEE : He is talking of history.

SHRI BAKAR ALI MIRZA : I am also talking of history. There were Mahatma Gandhi's policies and programmes; they have not also followed them. Anyway, the Congress is blamed for encouraging defections. I ask, what about those gentlemen on the other side ? They are all defectors from the Congress. (*Interruption*) They may give different meanings for defection. Defection means, you join a party and for some reason you resign from the party, having a strong reason to resing from that party. It is not only to get some office; you may from another party. But it is defection all the same. This defection should not be encouraged, and I cannot conceive of any measure which the Government of this country is going to propose which would remove one kind of defection and encourage the other. I am against this proposal.

Something was quoted from Mahabharata. I also know a little about Mahabharata. Was it not in the battle of Kurukshetra that the first attempt was made for defection ? When Karna was asked to join, the Pandavas, was it not Kunti who revealed to Karna that she was his mother and pleaded ? Though Karna's heart was breaking, he did not change sides. I maintain that the very fact of asking for defection there was right. If Karna had joined the Pandavas that also was right. If he did not, that was also right and for that reason, Karna has got a place as a lovable character in the whole of Mahabharata. So, defection itself is not to be condemned. Why one defects is important. For that, I do not think, you can devise any machinery by which you can solve this question.

Suggestions were being made that one must resign and go. Suppose, I resign on the question of devaluation, you say, "you go and get the verdict of your constituency". I go back and get the verdict of my constituency in my favour. That means the opinion in my constituency has changed. Meanwhile, the opinions do not change constituency-wise. Opinions must have changed in the country also. If I come back, I have a right of ask the Government, it is for you to prove that the country is also with you; we have given the proof that there has been a change. So this question of recall and resignations will not solve the problem. The problem arises because we are in a stage where we have not formed political parties distinctly. For example, in England, there are constituencies like labour constituencies and conservative constituencies. There is a floating population and that really affects the change. When a number of parties join together and when Governments are formed with small splinter groups there is instability in its very composition. Instability was bound to come and when it comes there is a hue and cry. Therefore, I suggest that some time must be given so that the political institutions in our country are more stabilised and we should not rush into having some committee to make some recommendation.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : सभापति महोदय, श्री वेंकटासुब्बया जो इस प्रस्ताव के प्रस्तावक हैं वह इस सदन के बहुत पुराने और अनुभवी सदस्यों में से हैं। मुझे प्रसन्नता होती यदि यह प्रस्ताव श्री वेंकटासुब्बया ने 1967 के चुनावों से पहले इस सदन में लाया होता। क्योंकि उस समय देश के अधिकांश राज्यों में कांग्रेस मंत्रिमंडल थे और साथ ही साथ उस समय तक दल परिवर्तन की प्रवृत्ति पर कांग्रेस वालों को बहुत चिन्ता भी नहीं हुई थी। भले ही किन्हीं लोगों ने दल परिवर्तन करके चाहे वह मिनिस्टर्स बनें हों चाहे वह राज्यपाल बनें हों अथवा और दूसरे किसी प्रकार के पदों पर वह बैठाये गये हों। लेकिन आज कांग्रेस पार्टी के एक जिम्मेदार सदस्य की ओर से इस प्रकार का प्रस्ताव आने से यह संदेह होना स्वाभाविक है कि आज इनको 17 वर्ष के

बाद यह चिन्ता क्यों उत्पन्न हुई कि यह दल परिवर्तन की प्रवृत्ति बड़ी घातक है और इसके ऊपर रोक लगानी चाहिए। अगर सिद्धान्ततः यह बात सही थी तो उनके हाथ में जब सारे राज्यों का शासन था और केन्द्र में भी यह भारी बहुमत में थे उस समय यह विधान का भी निर्माण कर सकते थे और उसमें कुछ नई परम्पराओं को प्रारम्भ भी कर सकते थे। लेकिन वास्तविकता तो यह है कि आज अपने हाथ से खिसकते हुए शासन को देख कर उनके मस्तिष्क में चिन्ता है कि अब जो दूसरे दलों में लोग अधिक मात्रा में जा रहे हैं कहीं ऐसा न हो कि एक दिन 9 राज्यों की तरह से पूरे देश से भी हमारी समाप्ति का अध्याय न लिख दिया जाय इसलिए मेरा कहना यह है कि इन सारी बातों को लाने के पीछे आप की भावना चाहे कितनी ही शुद्ध क्यों न हो लेकिन लोगों को जैसा मैंने कहा उस तरह से आप के लिए सोचना स्वाभाविक है।

दूसरी सब से बड़ी बात जो मैं कहना चाहता हूं कि यह प्रवृत्ति इस देश में रोकी जा सकती थी प्रारम्भ में जब हमारा देश स्वतंत्र हुआ था और दूसरे दलों से लोग निकल-निकलकर सत्तारूढ़ दल में जा रहे थे। उस समय अपनी महत्वाकांक्षाओं में अथवा अन्य किसी कारण से प्रेरित न होकर कांग्रेस पार्टी ने अपने ऊपर ही यह प्रतिबंध लगाया होता क्योंकि वह सिद्धान्तहीनता थी और यह निश्चय कर लिया होता कि इस प्रकार के लोग जोकि दूसरे दलों के टिकटों पर चुन कर आये हैं और अवसरवादिता से प्रेरित होकर हमारी पार्टी में शामिल होना चाह रहे हैं ऐसे सिद्धान्तहीन और अवसरवादी व्यक्तियों को हम अपनी पार्टी में स्वीकार नहीं करेंगे तो भी एक आदर्श परम्परा हो सकती थी। उस स्थिति में आज इस कांग्रेस पार्टी की ओर से आये हुए इस प्रस्ताव का देश में बहुत स्वागत होता।

सदस्य जो दल परिवर्तन करते हैं विधान सभाओं में या संसद में वह दो प्रकार के हैं। एक सदस्य वह जो पार्टियों के टिकट पर चुन कर आते हैं और एक मेरे जैसे सदस्य हैं जो कि किसी पार्टी के टिकट पर चुन कर नहीं आते बल्कि अपनी सेवाओं को अपनी पार्टी बनाते हैं और निर्दलीय चुन कर आते हैं। हमारे संविधान के एक बहुत बड़े ज्ञाता नें श्री के० सन्तानम ने दल परिवर्तन की प्रवृत्ति पर एक लेख लिखा है। मैंने उसे बड़े गौर से देखा है। श्री के० सन्तानम ने अपने लेख में कहा है कि यह अधिकार केवल उन सदस्यों को तो दिया जा सकता है जो किसी दल के आधार पर चुन कर नहीं आते। लेकिन मैं परम्परागत दृष्टि से श्री के० सन्तानम के इस मत से सहमत नहीं हूं क्योंकि जो सदस्य जनता से निर्दलीय आधार पर चुन कर आते हैं और जनता ने जिन भावनाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें विधान सभा या संसद में भेजा है तो उस प्रतिनिधि का यह नैतिक दायित्व है कि वह जब तक उस जनता के प्रतिनिधि के रूप में है तो वह उसी रूप में रहे जिस रूप में कि वह वहां से निर्वाचित हुआ था। अगर उसे अपने स्वरूप में किसी प्रकार का परिवर्तन करना है तो उसे पहले सदस्यता से त्यागपत्र देकर दुबारा जनता के पास जाकर विश्वास प्राप्त करना चाहिए। हरियाणे के पहले शिक्षा मंत्री श्री हरद्वारी लाल से सिद्धान्ततः मेरा कई बातों में विरोध है लेकिन मैं श्री हरद्वारी लाल के उस क़दम की सराहना करता हूं कि जब उन्होंने दल परिवर्तन किया तो दल परिवर्तन के साथ साथ उन्होंने त्यागपत्र भी दिया, फिर चुनाव लड़ा और विजयी होने के बाद उन्होंनें अपना स्थान ग्रहण किया। इस तरह की परम्परा हमारे देश में प्रारम्भ होनी चाहिए।

जहां तक दल परिवर्तन के सम्बन्ध में क़ानून बनाने का प्रश्न है वह तो जो हम से भी पुराने जनतंत्र हैं, या जहां भी इस तरह की जनतांत्रिक प्रणालियां हैं, उन देशों में भी इस प्रकार का क़ानून नहीं है सिवाय स्विटजरलैंड को छोड़ कर। पर वह क़ानून भी इस प्रकार का नहीं है जिस प्रकार

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

का क़ानून बनाने के सम्बन्ध में श्री वेंकटासुब्बया ने अपनें इस प्रस्ताव के शब्दों को रखा है। मेरा अपना कहना इस प्रकार का है जो कि मैं जानकारी के लिए कहना चाहता हूं कि कभी कभी इस प्रकार की घटनायें हो जाती हैं। उदाहरण के तौर पर जैसे अभी यह राज भाषा संशोधन विधेयक चल रहा है। राज भाषा संशोधन विधेयक पर अगर कोई सदस्य हिन्दी भाषी राज्य से चुन कर आया है और वह जानता है कि कांग्रेस पार्टी टिकिट पर मैं चुन कर आया हूं कांग्रेस पार्टी इस सम्बन्ध में गलत निर्णय लेने जा रही है जो हमारे मतदाताओं की भावना के सर्वथा विरुद्ध है। ऐसे अवसर पर वह कांग्रेस पार्टी को छोड़ कर विरोधी दल में आकर बैठता है तो आप बतलाइये उसके सम्बन्ध में संवैधानिक स्थिति क्या होगी ? इसलिए मैं चाहता हूं कि इस को क़ानून न बनाया जाय बल्कि इसके लिए कुछ परम्पराएं निर्धारित की जानी चाहिएं। जो इस देश की पार्टियां हैं वह तै करें कोई व्यक्ति निर्दलीय चुन कर आया है या किसी अन्य पार्टी के टिकट पर चुन कर आया है अगर वह किसी निहित स्वार्थ को लेकर किसी अन्य पार्टी में, या सत्ताधारी पार्टी में शामिल होना चाहता है तो उस पार्टी को इस प्रकार की परम्परा निर्धारित करनी चाहिए कि वह उसको कहें कि आप फिर से चुनाव के दंगल में जाएं, जनता के सामने फिर आप जायें और वहां से फिर मतदान के द्वारा निर्वाचित होकर हमारे टिकट पर आयें तभी आप हमारी पार्टी में शामिल होनें का अधिकार रखते हैं। यह अधिकार वैधानिक रूप से न दिया जाय बल्कि यह अधिकार परम्पराओं के रूप में दिया जाये। बजाय इसके कि सरकार कानून बना कर उसके ऊपर रोक लगाये बेहतर यह होगा कि यह पार्टियां जो आज इस दल बदल की प्रवृत्ति के कारण चिंतित हैं वह स्वयं इसके लिए कुछ अपने लिए नैतिक बंधन बनायें। वह कुछ इसके लिए आदर्श परम्परा स्थापित कर सकें तो वह अधिक उपयुक्त होगी। अपेक्षाकृत इसके कि आज जैसे श्री वेंकटासुब्बया ने इस प्रस्ताव के शब्दों को रखा है। इन शब्दों के साथ मैं प्रस्तावक के प्रस्ताव की भावना का आदर करते हुए जो वह प्रस्ताव लाये हैं उसका मैं विरोध करता हूं।

16 hrs.

श्री हेमराज (कांगड़ा) : सभापति महोदय, जो प्रस्ताव श्री वेंकटासुब्बया नें रक्खा है मै उसका समर्थन करनें के लिए खड़ा हुआ हूं। जहां तक डिफैक्शंस का सवाल है, मैं समझता हूं कि यह डिफैक्शंस एलैक्शन के बाद ही नहीं होते हैं, वह एलैक्शन से पहले भी चलते हैं। बहुत सारे भाई कांग्रेस पार्टी को बिलौंग करते हैं लेकिन अगर एक पार्टी से टिकट नहीं मिला तो दूसरी पार्टी की तरफ़ झुक जाते हैं और दूसरी पार्टियां भी ऐसे लोगों को टिकट दे देती हैं। मैं समझता हूं कि यह डिफैक्शंस का जो मामला है वह एलैक्शन के बाद ही नहीं चलता है बल्कि वह एलैक्शन से पहले चल पड़ता है।

जहां तक इस डिफैक्शन की बीमारी का सवाल है पहले भी इस डिफैक्शन का जिक्र किया गया है। यह डिफैक्शन अगर कोई उसूली बिना पर हो तो समझा जा सकता है लेकिन इस एलैक्शन के बाद जिस तरीक़े से उस दिन हमारे होम मिनिस्टर साहब ने आज के आयाराम और गयाराम का जिक्र करते हुए बतलाया था कि यह डिफैक्शन आयाराम और गयाराम का बन गया है। वह कोई उसूल या बेसिस पर नहीं चल रहा है। यह डिफैक्शन महज इस वास्ते चल रहा है कि कोई पार्टी उनको लोव्स दे देती है, प्रलोभन दे देती है, तो इस तरह के अवसरवादी लोग उस पार्टी की तरफ़ चले जाते हैं और दूसरी पार्टी उससे ज्यादा प्रलोभन देती है तो वह पहली पार्टी को छोड़ कर दूसरी पार्टी की तरफ चले जाते हैं। यह डिफैक्शन की बीमारी आज की राजनीति में इतनी बढ़ती चली जा रही है कि आज पब्लिक को सभी राजनीतिक पार्टियों और उनके कार्यकर्त्ताओं से एक प्रकार की चिढ़ सी

हो गयी है और उन पर से उनका एक तरह से विश्वास सा उठ गया है क्योंकि देखनें में यह आ रहा है कि जिन लोगों को एक, एक लाख और दस, दस लाख आदमियों नें अपनें वोट देकर लेजिस्लेचर में भेजा है आज वह रुपयों के लिए बिकने शुरू हो गये हैं। अगर यही सिलसिला जारी रहा तो जनता की आस्था लोकतंत्र पर नहीं रह सकेगी और देश के अन्दर हम इस डेमोक्रेसी को क़ायम नहीं रख सकेंगे। इस तरीक़े से तो कोई भी सरकार हो वह कभी भी मुस्तकिल तौर पर नहीं चल सकती है जैसे कि आपनें देखा है कि हरियाणे की सरकार वह मुस्तकिल तौर पर नहीं चल सकी क्योंकि हर रोज़ वहां राजनीति पार्टियों की सदस्य संख्या घटती और बढ़ती रहती है और यह पता नहीं रहता कि विधान सभा में अमुक सदस्य जो सुबह एक पार्टी में है वह शाम तक वहीं पर रह सकेगा या नहीं या शाम को दल बदल कर लेगा। आज यह जो बीमारी है उसका इलाज ढूंढने के लिए मैं समझता हूं कि हमनें एक उपाय इस संकल्प द्वारा एक कमेटी का रक्खा है। प्रस्तावक महोदय कहते हैं कि यह आज जो डिफैक्शंस हो रहे हैं इस पर विचार करने के लिए एक कमेटी बैठा दी जाय जोकि इस बात को देखे कि इन डिफैक्शंस को किस तरीक़े से रोका जा सकता है और मैं समझता हूं सभी को इस प्रस्ताव का स्वागत व समर्थन करना चाहिए। अगर इस समय इन डिफैक्शंस को नहीं रोका गया तो उसका नतीजा यह हो सकता है कि हमारी जनता की अभी जो प्रजातांत्रिक आस्था में भावना व श्रद्धा है वह अधिक दिन क़ायम न रह पाये और इसलिए मैं समझता हूं कि यह डिफैक्शन का सिलसिला प्रजातंत्र के लिए एक गम्भीर खतरा बनता जा रहा है। इसलिए बहुत जरूरी है कि उन्होंनें जो संकल्प रखा है उसकी तरफ ध्यान दिया जाए।

सवाल यह है कि इसके लिए कानून बनाया जाए या पार्टियां इसके लिए सहमत हों। जहां तक पार्टियों का सम्बन्ध है, मैं मानता हूं कि सात आठ राज्यों में हमारा कांग्रेस का राज नहीं रहा है लेकिन उसके बावजूद जहां-जहां युनाइटेड फ्रंट बनें वहां पर उन लोगों ने बहुमत प्राप्त करनें के लिए कांग्रेस वालों को प्रलोभन दिये फिर चाहे वह मध्य प्रदेश हो या कोई और प्रान्त हो। प्रलोभन दे कर उन्होंने सदस्यों को अपनी ओर खींचा। यहां पर यह भी कहा गया है कि पहले इस तरह के संकल्प को क्यों नहीं लाया गया। मैं कहता हूं कि जिस वक्त बीमारी अपने पूरे रंग में दिखाई दे उसी वक्त उसका इलाज हो सकता है। फोड़े को चीरा उसी वक्त दिया जा सकता है जब पीप भर जाए। कच्चे को दिया जाएगा तो वह दुरुस्त नहीं होगा। आज इतनी पीप भर गई है कि अगर चीरा नहीं दिया जाएगा तो यह देश के लिए घातक हो सकता है।

एक माननीय सदस्य : कैंसर है।

श्री हमराज : कैंसर की सूरत हो गई है और कैंसर ठीक हो सकता है।

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : शुरू में ही करना चाहिये था।

श्री हेम राज : कैंसर उस स्टेज पर पहुंच गया है जहां इसको चीरने की आवश्यकता है अगर सभी पार्टियों ने मिल कर इसका कोई इलाज नहीं किया तो इससे हमारा जो प्रजातंत्र है उसको ही खतरा हो सकता है। इसलिए मैं जितनी पार्टियां हैं, उनके लीडरों से कहूंगा कि वे यहां पर उनके जो शिरोमणि हैं और उनको गम्भीरता से इस पर विचार करना चाहिये। कल शायद एक सवाल के जवाब में हमारे होम मिनिस्टर साहब नें कहा भी था कि सारी पार्टियों के जो लीडर हैं अगर वे इस बात के लिए रज़ामन्द हों तो वह पहल करने के लिए तैयार हैं। चूंकि रूलिंग पार्टी की तरफ से तजवीज़ आ रही है इस वास्ते अगर सभी पार्टियों के लीडर रज़ामन्द हों तो इसके बारे में सोच विचार किया जा सकता है, मिल बैठ कर कोई रास्ता निकाला जा सकता है। उसमें यह भी देखा जा सकता है कि कोई कानून बनाने की आवश्यकता है या नहीं है। जिस तरह से

[श्री हेमराज]

स्विटजरलैण्ड में रिकाल का कानून है अगर उस तरह का कानून यहांभी बन सकता है तो अच्छा होगा, तो वह भी देश के लिए फायदेमन्द साबित हो सकता है। दोनों ही उपाय इसके लिए हो सकते हैं। श्री वेंकटासुब्बया का जो रेजोल्यूशन है वह आखिरी शब्द नहीं है। वह तो एक तजबीज रख रहे हैं हाउस के सामनें कि जो बीमारी है इसको दूर करनें के लिए कोई उपाय ढूंढा जाना चाहिए। अगर कोई उपाय निकल आए तो बहुत अच्छा होगा। मैं समझता हूं कि उन्होंने एक ऐन दुरुस्त मौके पर यह प्रस्ताव हाउस के सामने रखा है। इन शब्दों के साथ मैं उनके इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री जी० भा० कृपालानी (गुना) : सभापति महोदय, यह सवाल बड़ा ही पेचीदा है। देखने में आया है कि कभी-कभी व्यक्ति नहीं बदलता है लेकिन पार्टी बदल जाती है। हम सब लोग कांग्रेस में थे। लिमेय साहब भी कांग्रेस में थे। वाजपेयी जी भी कांग्रेस में थे—

गृह कार्य मंत्री श्री यशवन्त राव चह्वाण : वाजपेयी जी भी थे ?

श्री मधु लिमये : जेल गए हैं।

श्री जी० भा० कृपालानी : बहुत से हम में से कांग्रेस में थे। कांग्रेस हम लोगों ने छोड़ी। हम लोगों ने छोड़ी या कांग्रेस वालों नें कांग्रेस को छोड़ा। मेरे कहने का मतलब यह है कि कांग्रेस वालों नें कांग्रेस को छोड़ दिया, इसलिए हम लोगों नें छोड़ दिया। एक और बात भी है। कोई भी बड़ा आदमी मर जाए तो उसके बच्चे को या उसकी विधवा को ले आते हैं और वह बच्चा और विधवा जो है वह किसी से भी पराजित नहीं हो सकता है। बड़े बड़े धुरंधर सामने खड़े हो जायें तो वे भी खत्म हो जाते हैं।

श्री नाथ पाई (राजापुर) : बच्ची भी आ जाती है।

श्री जी० भा० कृपालानी : बच्चे में बच्ची भी आ गई।

ऐसी हालत में अगर रिकाल का कायदा बनाया भी जाए तो रिकाल करने के बाद फिर वह विधवा आ जाएगी। मैं समझता हूं कि थोड़े दिनों में कांग्रेस में खाली विधवायें और बच्चे-बच्चियां और आर्फन ही रह जायेंगे।

श्री स० मो० बनर्जी : कांग्रेस अनाथालय हो जाएगा।

श्री शिव नारायण (बस्ती) : बड़ा अनाथालय तो उधर खुला हुआ है।

श्री जी०भा० कृपालानी : हमारे ऊपर हंसी करें, आप क्यों उसमें पड़ते हैं। इलैक्शन होते कैसे हैं। आप जानते हैं मैं हमेशा बाई-इलैक्शन में आता हूं। जब मैं अमरोहा से खड़ा हुआ था तब चौबीस मिनिस्टर हमेशा वहां मौजूद रहते थे हमारी मदद के लिए। चव्हाण साहब भी आए थे। चव्हाण साहब उन दिनों डिफेंस मिनिस्टर थे। डिफेंस मिनिस्टर जो सारे देश की डिफेंस करता है, हमारी भी और कांग्रेस वालों की भी, उसको इसमें आने की क्या जरूरत थी। मुझे माफ करें जो मैं कहनें जा रहा हूं उसके लिए। वहां एक जात थी जिस जात वालों का नाम चौहान था। राजपूतों की वह जात है। वहां बताया गया कि चव्हाण साहब भी उसी जात के हैं।

सब जितनी जगहें थी, जहां-जहां मीटिगें हो सकती थीं, जहां-जहां कोई जा कर रह सकता था, जैसे ट्रेवलर्ज बंगलो थे सब के सब उन्होंनें ले लिये थे। जीपें जो सरकार के मातहत रहती हैं वे भी सब ले ली थीं। हम क्या करें। चौबीस-चौबीस जहां मिनिस्टर मौजूद हों और एक-एक मिनिस्टर एक-एक जगह रखा जाता था, गैस्ट हाउस वगैरह में तो इलैक्शन आर्गेनाइज भी वही करता था और सब काम वही करते थे। यह तो एक इलैक्शन की बात हुई। दूसरी बाई इलैक्शन की बात मैं बताता हूं। वह अभी हुई है गुना में।

श्री शशि भूषण बाजपेयी : (खारगोन) : रायपुर में कोई नहीं गया था।

श्री जी० भा० कृपलानी : अपनी जान बचायें तो वहां आएं।

रायपुर मैं गया। वहां मुझ से कहा गया कि तुम्हारा सिम्बल क्या है। मुझे बताया गया कि वहां खाली दो सिम्बल ही चलते हैं, एक दीवा चलता है और एक बैल चलते हैं। मेरे पास बैल भी नहीं था और दीवे का जहां तक सम्बन्ध है सारा हिन्दुस्तान अंधेरे में पड़ा है तो मैं दीवा कहां से लाता। मुझे बताया गया कि यहां के वोट आपको नहीं मिलेंगे। मुझे वोट मिले भी नहीं क्योंकि खाली सिम्बल जानते थे और कुछ जानते नहीं थे। दे डू नाट नो एनी-थिंग। महात्मा गांधी कहा करते थे, वी मस्ट एजुकेट अवर मास्टर्ज। वोटर्ज को एजुकेशन तो कोई मिला ही नहीं। वहां पर हमारी मीटिंग्ज में लाठियां भी चलती थीं। एक आदमी है उसका नाम है, मि० मिश्र। वह मिश्र नहीं थे, वह तो समझिये राक्षस हैं। और उन्होंने कहा कि मुझे कौन हटा सकता है? मैंने तो प्राइम मिनिस्टर को बनाया। वह प्राइम मिनिस्टर को बनाने वाले थे, किंग मेकर थे ··

एक माननीय सदस्य : क्वीन मेकर।

श्री जी० भा० कृपलानी : खैर, आप ही सही हैं, क्वीन मेकर थे। तो उसको कौन कुछ कर सकता था? हमारी मीटिंग में बलवा करा देता था। हमारा सेक्रेटरी गया था उसकी बांह तोड़ दी। ··· (**व्यवधान**) ··· शुक्ला ने भी बड़ी मेहरबानी की।

फिर गुना में क्या हुआ? वहां एक-एक कान्स्टीट्यूएंसी में दो-दो मिनिस्टर रहते थे और सारा काम करते थे। क्या हम समझ सकते हैं कि कोई डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट उसके हाथ में नहीं होगा? मिनिस्टर जो जा कर बैठेगा तो बेचारा गरीब आदमी क्या करेगा? मैंने अपने सामने देखा, कोई गया, कहा कि हम प्रोटेस्ट करते हैं तो पोलिंग आफिसर प्रोटेस्ट लेने के लिए तैयार नहीं है। हमने देखा जनरल एलेक्शन में दो पेपर देने थे। कहीं-कहीं जगह एक ही देते थे और कई-कई जगह और ऐसी बातें करते थे। प्रोटेस्ट वह नहीं लेते थे। मैं खुद मौजूद हूं। मैं कहता हूं कि भाई, लिख लो हमारा। लेकिन वह कहता है कि हमको हुक्म है, लिखनें का हमें कोई अख्तियार ही नहीं है और जो हो रहा है, वह हो रहा है। ऐसे-ऐसे एलेक्शन होते हैं। फिर एलेक्शन में जो छोटी जाति के होते हैं, माफ कीजिएगा, उनको खूब शराब पिलायी जायगी ···

श्री शशि भूषण बाजपेयी : दादा, आपकी बेटी सुभद्रा जोशी का सिर तोड़ दिया गया।

श्री जी० भा० कृपलानी : ठीक है, यह भी ठीक है। ऐसे ही न एलेक्शन होता है कि उस बेचारी का सिर तोड़ दिया किसी ने? ऐसा चलता है तो फिर कैसे होगा? हम आपकी बात मानते हैं कि सिर तोड़ दिया जो हमारे तरफदार थे तो ऐसे ऐलेक्शन में फिर रिकाल क्या होगा? आप सच कहते हैं उसको हम मान लेते हैं।

श्री शशि भूषण बाजपेयी : आपका अनुयायी नहीं था, कोई और था।

श्री जी० भा० कृपलानी : तो हम क्या करें भाई? लेकिन जहां सिर भी तोड़ा जाता है, लाठी चार्ज भी होता है, जहां सारा ऐडमिनि-स्ट्रेशन इकट्ठा हो जाता है वहां क्या एलेक्शन होगा? मैं आपको बताता हूं जब अमरोहा से मैं लड़ रहा था तो एक आदमी कांग्रेस का अनु-यायी था, वह हमारे बरखिलाफ पी० सी० सी० का चेयरमैन था। तो ऐसे ही चूंकि कांग्रेसमैन में हमारे दोस्त तो हैं ही, तो हम ऐसे ही बात कर रहे थे। उसने कहा कि तुमको इतनी हिम्मत है कि जवाहरलाल के बरखिलाफ़ खड़े हो? मैंने कहा कि जवाहरलाल के बर-खिलाफ? जवाहरलाल तो यहां खड़ा नहीं है। यहां तो कोई और खड़ा है। ··· (**व्यवधान**) . . . खबर नहीं, कौन था? भाई मुझे मालूम नहीं है कौन था? तो हमको बता-

[श्री जी० भा० कृपालानी]

इए, जब ऐसा एलेक्शन हो, उसमें अगर कोई दल बदल दे और वह शराब पिला कर आया हो या किसी राजा महाराजा के मातहत आया हो, तो फिर उसको क्या करोगे ? उसको फिर वह राजा महाराजा दे देंगे ।

तो बात यह है कि इसकी दवा एक ही हो सकती है । वह यह कि हम अपने जो वोटर्स हैं उनको पूरी विद्या दें । खाली सिम्बल्स पर न चलें । नाम लिखा जाय । एक-एक आदमी का नाम लिखा जाय। फिर कोई न दे तो न दे । और बेवकूफ वोट न दे तो उसमें नुकसान ही क्या है ? यह कर दिया जाय । इससे क्या होगा वह आदमी पढ़ना लिखना भी सीख जायगा । उसे जोश होगा कि मुझे वोट देना है। यह जो सिम्बल रखा जाता है जिसमें आदमी का नाम ही नहीं और मैं यह भी कहता हूं कि यह जितने बड़े-बड़े पत्रे निकलते हैं, एलेक्शन मैनिफेस्टो, इनको वहां कौन पढ़ता है ? मैंने तो इसी वास्ते कोई मैनिफेस्टो निकाला ही नहीं ।

एक माननीय सदस्य : पार्टियां निकालती हैं मैनिफेस्टो ।

श्री जी० भा० कृपालानी : पार्टियां निकालती हैं लेकिन यह पार्टियां भी नहीं समझती हैं। मैनिफेस्टो है पांच पेज का या सात पेज का। और उन्होंने एक अक्षर भी पढ़ा नहीं, वह पांच पेज का मैनिफेस्टो कहां से पढ़ेंगे ? और मैनिफेस्टो तो होता है एक ही किस्म का सब का । पी० एस० पी० भी कहती है कि हम सोशलिस्ट हैं । एस० एस० पी० भी कहती है कि हम सोशलिस्ट हैं और कांग्रेस भी कहती है है कि हम सोशलिस्ट हैं । कम्यूनिस्ट भी कहते हैं कि हम सोशलिस्ट हैं । यह नहीं कहते हैं कि हम डिक्टेटरशिप लायेंगे । वह कहते हैं कि हम डेमोक्रेसी के साथ बंधे हुए हैं और फिर जनसंघ भी कहता है कि हम हिन्दू सोशलिस्ट हैं। स्वतंत्र पार्टी जो है वह भी कहती है कि सोशल जस्टिस हम लाना चाहते हैं। वह भी सोशलिस्ट हैं। तो इनके मैनिफेस्टो में फर्क क्या है ? फर्क तो कुछ है नहीं । कोई भी कायदा करेंगे यहां कायदा कोई होगा ही नहीं जब तक इस देश को ऐसी विद्या नहीं आयेगी, वोटर्स को विद्या नहीं आयेगी, वोटर्स अपना हक नहीं जानते होंगे, अपनी ड्यूटीज़ नहीं जानते होंगे और जनरल ऐटमास्फेयर ऐसा हो कि जिसमें ऐसे अगर कोई खाली मिनिस्ट्री के वास्ते दल बदले तो उसकी पब्लिक ओपीनियन उसको कहे कि यह नहीं हो सकता, तब तक कुछ नहीं चलने का। इंग्लैंड में मैं समझता हूं कि सदियों में एक दफा कोई ऐसा केस होता है। अमेरिका में भी ऐसा ही है। यह जो कायदा आप करेंगे, आप कीजिए लेकिन, यह सब बातें आप लोग याद रख लीजिएगा कि यह आर्फन्स और विडोज़ को कौन निकालेगा ? और शराब पिलाने वालों को कौन निकालेगा । जो रुपये से आते हैं उनको कौन निकालेगा ? हम जानते हैं एक बड़ा अच्छा आदमी था कांग्रेस का ही था, कोई यंग मैन, मोरारका, उसने अच्छा काम भी किया लेकिन वह खत्म हो गया । उसने भी लाखों रुपया खर्च किया होगा लेकिन और ज्यादा लाखों रुपया खर्च कर के दूसरा आदमी आ गया और वह खत्म हो गया । क्या उसने काम किया क्या नहीं किया उसकी किसी को परवाह ही नहीं। तो यह भाई अन्धेर नगरी चौपट राजा वाला हाल है । आप जानते नहीं हैं, अन्धेर नगरी में क्या होता था ? एक खूनी था। उसको लाया गया बादशाह के पास । बादशाह ने कहा ले जाकर फांसी पर चढ़ा दो। जल्लाद आधे घंटे के बाद फिर उसको ले आया और कहा कि यह जो फन्दा है यह उसके गले में नहीं आता है । तो बादशाह ने कहा कि ऐसा है तो जिसके गले में आता हो उसी को फांसी पर चढ़ा दो। तो यह बातें हमारे देश में चल रही हैं। ऐसी बातें दूसरे देशों में भी शायद होती हों ।

जब तक आदमियों का मारल टोन नहीं बदलेगा तब तक यह बातें चलेंगी । मारल टोन को बदलने के लिए कौन जिम्मेदार है ?

मैं कहता हूं कि हम जिम्मेदार हैं। हम जिन्होंने कि लड़ाई लड़के और तकलीफें देख कर के स्वराज्य हासिल किया, इसके लिए फैसला कर सकते हैं। जैसे लीडर होते हैं वैसे ही जनता होती है। जैसे नेता हैं चलाने वाले अन्धे वैसे ही उनके पीछे चलनें वाले हैं। बोथ विल फाल इनटू दि पिट। यह हमारा हाल है। आप कोई भी कायदा करें, लेकिन कायदा कहां चलता है, यह सरकार कोई भी कानून बनाये, मुझे उस पर कोई एतराज़ नहीं है, लेकिन उस पर काम नहीं होता है। चाहे अंग्रेज़ी को हटाइये, चाहे हिन्दी को लाइये, लेकिन जो कुछ ये करेंगे, वह गलती ही करेंगे, क्योंकि इनकी मन्शा ही गलत है। इनकी मन्शा सिर्फ यही है कि हम यहां बैठे रहें, चिपटे रहें—इसलिये एक दूसरे से क्यों लड़ते हो।

ये डिफेक्शंज़ क्यों होते हैं—डिफेक्शंज़ इसलिये होते हैं कि कांग्रेस वाले चाहते हैं कि हम कुर्सी पर बैठे रहें। अब जिस कांग्रेसी को कुर्सी नहीं मिलती है, वह कहता है चलो, दूसरी जगह चलें, वहां कुर्सी मिल जायगी। किसी आइडियोलोजिकल डिफरेन्स की वजह से कोई नहीं छोड़ता है। मध्य प्रदेश में जो हुआ, बिहार में जो हुआ—वे वही कांग्रेस के आदमी हैं, उसी थैली के चट्टे-बट्टे हैं।....

श्री शशी भूषण बाजपेयी : बड़े शर्म की बात है।

श्री जी० भा० कृपालानी : शर्म कहां आती है हम लोगों को। शर्म तो आती ही नहीं है। विनोवा भावे जी कहते हैं—श्रम दान करो, लेकिन हमारे लीडर कहते हैं—शर्म दान करो, वहां शर्म है कहां? यह डिजीज़ बड़ी रेडिकल डिजीज़ है, इसके लिये रेडिकल रेमिडी चाहिये। कन्वेन्शन तो आप बना ही नहीं सकते—जब तक कि सारी पार्टियों के लोग इस पर सच्चाई से न टिकें, तब तक कन्वेन्शन नहीं बन सकती।

"We should moralise and spiritualise politics. We have made a devilish mess of politics". I am sorry to say like that, in which we are all involved and unless the leaders and the people reform themselves.

जनता बेचारी क्या करे। जब उनको लीडर-शिप दो, तब वे चलते हैं। लीडर शिप के वगैर आदमी चल नहीं सकता—

They cannot be raised by their boots-traps unless the leaders.

जब तक लीडर्स नहीं चलेंगे, यह काम होने वाला नहीं है। यही आदमी जो महात्मा गांधी के कहनें पर अपनी जान देते थे, यही आदमी आज पांच पैसे के वास्ते दूसरे की जान ले रहे हैं—यह क्या हो रहा है? लीडरशिप खत्म हो गई है, लीडरशिप बेईमान हो गई है, फेथलैस हो गई है, विश्वासहीन हो गई है। हमारे लोगों को दुनिया इस तरह देखती थी कि ये वे लोग हैं, जिन्होंनें नान-वाइलेंस से स्वराज्य लिया, लेकिन आज वह सब खत्म हो रहा है। हम को तो रोना ही पड़ता है—वह रोना यहां रोते हैं, तब भी आदमी हंसते हैं, क्या करें?

श्री मधु लिमये (मुंघेर) : चेयरमैन साहब, वेंकटसुबैया साहब नें जो प्रस्ताव रखा है, उस प्रस्ताव के पीछे जो भाव है, उस से मेरा झगड़ा नहीं है। वह चाहते हैं कि लोग अपना दल न बदलें, बिना प्रतिनिधिक संस्थाओं से इस्तीफा दिये वह न छोड़ें—तो भाव तो उन का ठीक है, लेकिन उस में कानून के द्वारा इस चीज़ को रोकनें की जो झलक मुझे दिखाई दे रही है, मैं मानता हूं कि यह सम्भव नहीं हो पायेगा। अगर वह इस तरह से कानून में परिवर्तन चाहते हैं, तो सबसे पहले जो हमारी संसदीय प्रणाली है, जिस चुनाव व्यवस्था पर वह आधारित है, उस में इन को परिवर्तन करना पड़ेगा। हमारे संविधान के अनुसार प्रादेशिक चुनाव क्षेत्रों में देश को बांट दिया गया है और हर एक चुनाव क्षेत्र से प्रतिनिधि खड़े होते हैं और चुने जाते हैं। तो बहुत कुछ हद तक, जैसा कि आचार्य जी नें कहा—कुछ लोग चुनाव चिन्ह को वोट

[श्री मधु लिमये]

देते हैं । लेकिन इधर १५ सालों से बहुत सारी बातें बदली हैं और हम लोग देखते हैं कि अब लोग व्यक्तियों के आधार पर भी वोट देते हैं । अभी हम लोगों ने देखा कि नीचे किसी कांग्रेसी को वोट देते हैं, तो ऊपर विरोधी दल के आदमी को वोट देते हैं या इस से उल्टा भी होता है—तो इस का मतलब यह है कि हमारी चुनाव प्रणाली में व्यक्तियों और उम्मीदवारों का भी लिहाज मतदाता करते हैं । तो ऐसी स्थिति में किसी पार्टी के टिकट पर एक व्यक्ति जीत जाता है, अगर वह दल बदलता है तो इस पर कानून के द्वारा रोक कहां तक सम्भव है । अब अगर कोई नई चुनाव व्यवस्था आप जारी करते हैं और उम्मीदवारों के नाम के जो बक्से रखे जाते थे, उस की जगह पर हर एक दल के नाम का बक्सा आप रखते हैं और जो मतदाता हैं, वे अपनी इच्छा के अनुसार किसी भी दल वाले बक्से में अपना वोट डालता है तो बात दूसरी है । हर एक दल अपने उम्मीदवारों की सूची बनाये और जिस दल को १० प्रतिशत वोट मिलेंगे, उस दल के १० प्रतिशत उम्मीदवार निर्वाचित धोषित किये जायेंगे, ऐसी हालत में यदि कोई उम्मीदवार दल बदलेगा तो आप मना कर सकते हैं कि यह दल का वोट था और दल परिवर्तन के कारण अब उस को लोकसभा में या विधान सभा में रहने का कोई अधिकार नहीं है । तो क्या वैंकटसुबैया साहब इस तरह से चुनाव पद्धति में कोई बुनियादी परिवर्तन लाना चाहते हैं जिससे कि प्रतिनिधियों का और उम्मीदवारों का चयन करने के बजाय, लोग अपना वोट दल को दे दें ? अगर ऐसी व्यवस्था की जाती है तो इस के बारे में कोई वैधानिक या कानूनी इन्तजाम हो सकता है ।

दूसरी बात, जैसा आचार्य जी ने कहा—कभी-कभी सवाल आता है कि बदला कौन ? दल बदला या उस दल का सदस्य बदला ? उदाहरण के लिये मान लीजिये, आनेवाले चुनाव में या और किसी चुनाव में जैसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 10 सूत्री कार्यक्रम बनाया कि राजाओं के निजी कोष और विशेषाधिकार खत्म करना चाहिये, ऐसा कार्यक्रम बनता है और उस पर उस दल की हुकूमत अमल न करे तो ऐसी स्थिति में उस दल का सदस्य कह सकता है कि चूंकि चुनाव घोषणा-पत्र में दिये गये आश्वासन की पूर्ति हमारी सरकार नहीं कर रही है, इस लिये उस दल से हम हट जाते हैं और अगर इस तरह के वैचारिक आधार पर या वचनों की पूर्ति न करने के कारण यदि कोई उस दल को छोड़ता है तो उस पर भी कानून के द्वारा रोक लगाना मुश्किल हो जायेगा । इस लिये सब से अच्छा तरीका यह होगा कि संविधान में प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का हम इन्तजाम करें ।

हमारी चुनाव पद्धति में यह जरूरी नहीं है कि हर एक जीते हुए उम्मीदवार को 51 प्रतिशत वोट मिलें । कभी-कभी ऐसा होता है कि पांच-छः उम्मीदवार खड़े हो जाते हैं, तो जिसको ज्यादा वोट मिलता है वह चुना जाता है ।

तीस प्रतिशत वोट पाने वाला उम्मीदवार भी जीत जाता है इस लिये वापिस बुलाने का अगर इन्तजाम आप करेंगे तो मेरा ख्याल है कि कम से कम 60 प्रतिशत की शर्त आप को रखनी पड़ेगी कि अगर 60 प्रतिशत मतदाता कहते हैं कि हमारे प्रतिनिधि हमारी इच्छा के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं, हमारे विश्वास को खो बैठे हैं तो उन लोगों को अपने प्रतिनिधि को वापिस बुला लेने की सुविधा होनी चाहिये । क्योंकि मैं देख रहा हूं कि दल परिवर्तन इस वक्त जो चल रहा है यह दो किस्म का है । मध्यप्रदेश में जब हुआ तो उस दिन मैं भोपाल में था । मैं उस समय वहां की विधान सभा कक्ष में था और मैंने अपनी आंखों से देखा है कि मूसलाधार वर्षा हो रही थी और 8-10 हजार लोग हार लेकर जो कांग्रेस से टूट कर विरोधी दल वालों के

साथ वोट देने जा रहे थे, तो उन के स्वागत के लिय, हार और पुष्प गुच्छे लेकर, बाहर खड़े थे । लेकिन आज जो बंगाल में संयुक्त मोर्चा है उस से जब डा० पी० सी० घोष और उन के साथी टूटे तो यह बिलकुल साफ बात है कि जनता के सामने आने की हिम्मत नहीं कर सके । वह अपना मुंह छिपा रहे हैं। आप पूछेंगे कि क्या आप इस बात को अच्छा समझते हैं ? नहीं, लेकिन मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि दल परिवर्तन इस वक्त जब कांग्रेस से होता है तो जनता उस का स्वागत कर रही है और कांग्रेस विरोधी मोर्चों से या गैर-कांग्रेसी मोर्चों से जब लोग टूटते हैं तो इस परिवर्तन को जनता आज अच्छा नहीं समझ रही है । यह बात सही है क्योंकि मैंने यह भोपाल में देखा । मैं दल परिवर्तन कोई अच्छी चीज नहीं समझता लेकिन इस बारे में आम लोगों की भावना मैं कह रहा हूं कि 8,000 लोग मूसलाधार वर्षा में खड़े थे भोपाल में हार लेकर । लेकिन दूसरी तरफ हम देखते हैं पी० सी० घोष का स्वागत करने के लिये जनता कलकत्ते में खड़ी नहीं थी, इस लिये फर्क तो है ।

मैं यह अर्ज कर रहा था कि श्री वेंकटासुब्बैया का जो प्रस्ताव आया है उस प्रस्ताव के पीछे भाव तो ठीक है लेकिन वेंकटासुब्बैया साहब भूल जाते हैं कि कुछ बीमारियों का इलाज बीमारी के बहुत दूर तक फैलने के बाद नहीं होता है । बीमारी को होने ही न देना यह उस के लिये सब से अच्छा उपाय है । मसलन 1948 में जैसा कि आचार्य नरेन्द्रदेव नें कहा था—हम लोग सब से पहले कांग्रेस से अलग हो गये हैं—और जैसा कि उन्होंने कहा किसी कुर्सी की लड़ाई को लेकर हम अलग नहीं हुए । यह तो कोई भी मानेगा कि 1948 में पुरानी कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के लोग जब कांग्रेस से अलग हो गये तो कुर्सी नहीं मिल रही थी इस लिये वह अलग हुए थे । निश्चय ही वह इस लिये अलग नहीं हुए थे । उनको कहा जा रहा था कि आप रहिये कांग्रेस में आप को कुर्सी भी मिल जायगी और आप की बातें भी हम सुनेंगे । लेकिन हमारे लोग अलग हो गये · · · · ·

▽

श्री शिव नरायण : आप की उम्र क्या थी ?

16.34 HRS.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

श्री मधु लिमये : आप क्या जानते हैं ? मैं 16 साल से कांग्रेस में हूं, कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी में हूं । मैं यह अर्ज कर रहा था कि कांग्रेस से सोशलिस्ट पार्टी के लोग जब अलग हो गये तो एक अच्छा लोकतांत्रिक आदर्श पेश करने के लिये आचार्य नरेन्द्र देव और उन के साथियों नें विधान सभा से इस्तीफा दिया, चुनाव लड़े, हारे भी लेकिन एक अच्छा आदर्श पेश करनें के लिये उन्होंने यह काम किया । उस वक्त कांग्रेस नें उन के खिलाफ बाबा राघवदास को खड़ा किया था जिनसे कि वह हारे । उस वक्त हमारी अपेक्षा थी कि कांग्रेस के बड़े नेता आचार्य नरेन्द्र देव और उन के साथियों के द्वारा जो काम लिया गया था उस की इज्जत करेंगे, आदर करेंगे और ऐसी आचार संहिता तैयार करेंगे जिससे जो काम आचार्य नरेन्द्र देव और उन के साथियों ने किया वही सब लोग भविष्य में करेंगे । लेकिन यह हुआ नहीं । आज मुझे याद आ रहा है सुचेता जी अभी बैठी थीं, 1953 की बात है दादा हमारी पार्टी के चेयरमैन थे, मैं सेक्रेटरी था । आंध्र का मामला आया था। दिल्ली में ही हमारी राष्ट्रीय समिति की बैठक हुई थी । मैं छोटे लोगों की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि उन की बात कर रहा हूं जो 17 साल तक स्वतंत्र देश के प्रधान मंत्री रहे हैं, उन्होंनें आंध्र में प्रजा सोसलिस्ट पार्टी के आंध्र नेता, आंध्र केसरी श्री टी० प्रकाशम से यह कहा कि नया आंध्र राज्य बना है, मैं वेंकटासुबैय्या साहब, आप के राज्य की बात कर रहा हूं, यह अखबार वाले लिखते हैं कि उत्तर हिन्दुस्तान में ही दल परिवर्तन

[श्री मधु लिमये]

होता है । मेरा कहना है कि दल परिवर्तन ग्राप के राज्य में सब से बड़े पैमाने पर हुग्रा, मद्रास में हुग्रा ग्रौर केरल में भी हुग्रा । जब नया ग्रांध्र राज्य बना था तब ग्राप लोगों का बहुमत नहीं था । मेरी राय नहीं थी कि ग्राप के साथ कोई मिली-जुली सरकार बनाई जाय । मैं तो पहले से खिलाफ हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि ग्राप के साथ कभी मिल-जुल कर काम नहीं हो सकता है । जब तक एकाधिकार शाही का घमंड ग्राप लोगों के हृदय में है तब तक ग्राप लोगों के साथ मिल कर काम करने का सवाल ही नहीं उठता । मैं इस के विरुद्ध था लेकिन ग्राचार्य जी ग्रौर दूसरे लोग हैं वह चाहते थे कि ग्रांध्र राज्य नया बना है ग्रौर स्थिरता के लिये ग्रगर जरूरी हो तो मिली-जुली सरकार बनाई जाये । इस के लिये राष्ट्रीय समिति इजाजत देने के लिये तैयार थी । लेकिन नेहरू साहब ने टी० प्रकाशम को क्या कहा ? नेहरू जी ने उन को कहा कि हम ग्राप को मुख्य मंत्री बनाने के लिये तैयार हैं बशर्ते कि ग्राप प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की सदस्यता को छोड़ दें ग्रौर कांग्रेस के सहयोगी सदस्य बनें । जब जवाहरलाल नेहरू जैसे लोग ऐसा काम कर सकते हैं तो फिर ग्रौरों की बात ही क्या है ? ग्रभी-ग्रभी नेतृत्व की बात उन्होंने की । गांधी जी के बाद सब से ऊंचा स्थान कांग्रेस में जवाहरलाल जी का था लेकिन जवाहरलाल जी ने खुद टी० प्रकाशम के बारे में इस तरीके का काम किया । हमारे दल में राष्ट्रीय समिति में इस की चर्चा हुई कि क्या प्रकाशम साहब को छूट दी जाये सदस्यता छोड़ने की तो इस का मैंने डट कर विरोध किया था ग्रौर कुछ नेताग्रों के साथ मेरा कुछ झगड़ा भी हुग्रा था । उसके बाद लगातार यह परम्परा चली । ग्रब सुचेता जी सदन में ग्रा गई हैं, मैं समझता हूं उन को 1953 की बात याद होगी जब टी० प्रकाशम को जवाहरलाल जी के द्वारा कहा गया कि वह प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की सदस्यता छोड़ दें ग्राप को ग्रांध्र का मुख्य मंत्री बनाने के लिये हम तैयार हैं ।

ग्रसल में ग्रवसरवादिता ग्रौर सिद्धान्तहीनता का जो सिलसिला चल पड़ा था उस का सूत्रपात उस समय से हुग्रा है । इस लिये वेंकटासुबय्या साहब से मैं यह पूछना चाहता हूं कि ग्राज जो ग्राप प्रस्ताव ले ग्राये हैं वह प्रस्ताव क्या इसलिये नहीं ले ग्रा रहे हैं कि उत्तरप्रदेश में जो हुग्रा, मध्यप्रदेश में जो हुग्रा उस से ग्राप के मन में यह डर पैदा हुग्रा कि कहीं यह लोक-सभा में भी हो जाय तो ग्राप की सरकार टूट जायेगी ? वह हो या न हो लेकिन ग्राप के मन में डर है । ग्राज इस की ग्राप को चिन्ता होने लगी है । बाकी ग्राप ने स्वयं इसी दल परिवर्तन का सहारा लेकर जहां-जहां भी गैर-कांग्रेसी हकूमतें स्थापित हुई थीं उन को एक, एक करके खत्म कर रहे हैं । हम विरोधी दलों की सरकारों को ग्राप रहने कहां दे रहे हैं ? बंगाल में खत्म कर दिया, हरियाणा में खत्म कर दिया, पंजाब में खत्म कर दिया ग्रौर उत्तरप्रदेश ग्रौर बिहार में भी दल-बदल लोगों के जरिये ग्राप हमें खत्म करना चाहते हैं । मैं ग्राप से निवेदन करना चाहता हूं कि वेंकटासुब्बया साहब का जो प्रस्ताव ग्राया है उस के पीछे कांग्रेस पार्टी का कोई उच्च सिद्धान्त वगैरह नहीं है । क्योंकि जब इनको ग्रधिक वोटों की जरूरत नहीं थी तब भी ये लोग दूसरे विरोधी दलों को खत्म करने के लिये प्रयत्नशील रहते थे । कोई दल नहीं बचा है, न हमारा दल बचा है, न प्रजा सोशलिस्ट पार्टी बची है, न जनसंघ बचा है ग्रौर न ही कम्युनिस्ट पार्टी बची है क्योंकि चन्द्रजीत यादव जैसे सदस्य ने पार्टी से त्यागपत्र उत्तर-प्रदेश में दिया लेकिन इस्तीफा देकर कभी चुनाव नहीं लड़ा । इन के यहां मौलिचन्द्र शर्मा का किस्सा है । एक दिन ग्रविश्वास के प्रस्ताव पर जब बहस चल रही थी तो प्रधान मंत्री जी ने ताना मारा था कि क्या विरोधी दलों को संगठित करने का ग्रौर मजबूत बनाने का भी हमारा काम है ? उन का

ताना मारना तो ठीक है लेकिन मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि इस दल परिवर्तन और अवसरवादिता को फैलाने का काम सब से बड़े दल ने और सब से बड़े नेता ने, उस दल के, किया ।

ठीक है । अगर पुराने इतिहास को आप भुला देना चाहते हैं और कोई नया रास्ता खोलना चाहते हैं तो मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि उस में कानून की बात नहीं होनी चाहिये । आप आपस में बात करें और कोई रास्ता निकालें । लेकिन दल परिवर्तन के लिये कानून ही नहीं होना चाहिये । सार्वजनिक जीवन को शुद्ध करने के लिय आचार संहिता चाहिये । राजनीतिक दलों को चन्दा कहां से आता है ? चुनावों में हिसाब किताब की बात भी इस में आती है । कई तरह की बातें उठेंगी । इन सब को किस तरह से रोका जाये, यह भी सोचना होगा । ये सब मामले हैं और अगर इन सब मामलों के बारे में कोई आचार संहिता या कोई आपस में समझौता करने के लिये आप लोग तैयार हों तो हम इस में पीछे नहीं रहेंगे, हम भी आपके साथ बात करने के लिये तैयार हैं बावजूद इस तजर्बे के कि पिछले बीस वर्षों में सार्वजनिक जीवन की धारा को जहरीला बनाने का काम आप के दल ने और आपके दल के बड़े नेता ने किया है ।

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli) : One from this side also should be called.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Every group was given an opportunity. Now it is too late.

SHRI NAMBIAR : From my party nobody spoke.

MR. DEPUTY-SPEAKER : You are very late on the scene.

SHRI NAMBIAR : Give me an opportunity as early as possible; just five minutes.

श्री नाथपाई (राजापुर) : हमारी तरफ से किसी का यहां भाषण नहीं हुआ है । हमने आपको चिट्ठी लिखी है । आप उसको देखिये । मिश्र जी भाषण करना चाहते हैं । उनको मौका देना बहुत आवश्यक है और आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है । उन्होंने यहां एक विधेयक रखा है इस सवाल को ले कर । उनको मौका देना जरूरी है ।

SHRI BEDABRATA BARUA (Kaliabor) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, Acharyaji and Mr. Madhu Limaye also had in different ways raised fundamental issues, but I wish to make it clear that while supporting the resolution, it does involve us in deeper issues. (*Interruption*).

SHRI NAMBIAR : A person who has crossed has not got the right to speak !

SHRI BEDABRATA BARUA : A person who has not crossed the floor is now speaking. Now, Sir, it is a question of dissent also. It is not only a question of defection. One can dissent and it is due to dissension in world history that tides have turned. Mr. Churchil dissented with the leadership of the Conservative Party and it was a grave dissent.

AN HON. MEMBER : Mc-Donald

SHRI BEDABRATA BARUA : Not only McDonald. One can go from one end to the other. I cannot take the time of the House, but a lot of time of the House was taken by those on the other side. If it is a question of equality, then I need to be given a comparable time, compared to the time that was given to the other speakers on the other side of the House. The Law Minister on this side has also said that the Govermet is supporting it.

Now, the question of dissent is completely different from the question of defection or crossing the floor, because crossing the floor has been immoral, and when one crosses the floor the immediate necessity is to resign. That is the constitutional practice, and one does resign when one considers the issue fundamental. But here, the difficulties are there. One does not resign because the issues were varied. The whole country got divided on grounds of religion, language and other regional issues. The people themselves became grave dissenters. A multitude of dissenters crosses the streets of India. That is the reason that is making dissension

[Shri Bedabrata Barua]

or even defections fashionable. I cannot agree with Shri Madhu Limaye, with all the accusations that he makes—defection from the Congress party is more honourable or less dishonourable than defections from the Opposition. I am happy today he is more sober, after this party has suffered from defections, than some time ago. At that time he was full of glee and very pleased at the defections. He told me, the pattern of Indian politics is changing; the whole thing would require re-definition and so on. He expected things would go from bad to worse and the opposition would fatten at the cost of the Congress Party. Now all that has completely changed because of defections in his party.

Sir, I ask, where is the floor to cross? That is why the resolution needs to be discussed in greater detail and in a committee. There are Congress Governments and there are non-Congress Governments also. The direction of the Indian constitutional development is there will be a two party system....

SHRI NAMBIAR : Defection is one thing, but purchasing is another thing.

SHRI BEDABRATA BARUA : When 10,000 people will be there to greet a man who defects, I think that is enough price paid. When a man is greeted by 10,000 people along with an honourable office, it is no longer purchase; it becomes honourable ! What is the price and in what terms? In terms of money or honour or ideology or in terms of what ? A time comes in the history of man to stand up and say "I do dissent" when some ideas are welling up from inside. It happened with Socrates and others; history alone will show who was more correct.

All parties having middle-class intelligentsia, the intelligentsia get knocked out and lesser intelligentsia take their place. In that way, all parties tend to become a caucus. A man begins to revolt and that revolt acquires the nature of a dissent, because one goes against the fundamentals of a party. Even then, one cannot justify defection. But is it his duty to remain silent in the party when he finds something which goes against the fundamentals of his party ? Suppose the party belives in a classless society and you are playing up castes. If he has been there for 20 years, say, in that party, he has a duty every moment to give up all temptations, to stand up and say "I stand by the principles of the party". If dissent is sufficiently strong in the party, there would be no necessity to go and express his dissent outside.

Since this is a matter which affects all parties, it has to go to a committee to be discussed there. But this matter cannot be settled by legislation. I had discussed it with the mover and I wanted to propose an amendment, but for certain reasons, I could not do it. The resolution says,

> "The House is of opinion that a high level committee consisting of representatives of political parties . . ."

I wanted to substitute it by saying,

